
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026

06 शहर के यातायात के लिए शादी का सीजन...



07 शहर में नपा बनाएगी दो शॉपिंग मॉल, दूर होगी...





## खबर संक्षेप

### भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 का क्षेत्रीय अधिवेशन आज

**सागर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 का क्षेत्रीय अधिवेशन 14 फरवरी शनिवार को महाकवि पद्माकर सभागार मोती नगर में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, अति विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र जैन विधायक सागर, समारोह गौरव वीर अजय जैन राष्ट्रीय महामंत्री सहारनपुर, वीर नरेश चंद्र जैन राष्ट्रीय मुख्य कार्य. अध्यक्ष देहरादून, वीर नरेंद्र चंद्र जैन राजकमल बड़ौत ,राष्ट्रीय कार्य. अध्यक्ष, वीर महेश जैन बिलहरा संरक्षक जैन पंचायत सागर , वीर एड. कमलेन्द्र जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर अरुण चंदेरिया करेंगे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मनीष विद्यार्थी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 की शाखाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों एवं सर्वश्रेष्ठ,श्रेष्ठ अध्यक्ष, मंत्री, कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संपन्न होगी। क्षेत्र 10 में सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना टीकमगढ़, कटनी, जबलपुर जिले की 50 से ज्यादा शाखाएं शामिल होंगी।

### जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा आज 13 फरवरी को परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं और परीक्षाएँ अनुशासित वातावरण में संचालित हुईं। उन्होंने बताया कि हायर सेकेंडरी अंतर्गत अर्थशास्त्र विषय में 11,969 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 11,847 उपस्थित रहे, जबकि 122 अनुपस्थित रहे। भौतिकशास्त्र में 8,364 में से 8,302 विद्यार्थी उपस्थित तथा 62 अनुपस्थित रहे। वहीं एनिमल हसबेंडरी, मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज विषय में 535 में से 526 परीक्षार्थी उपस्थित और 9 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इसी प्रकार विज्ञान के तत्व विषय में 1 विद्यार्थी ने परीक्षा दी और कोई अनुपस्थित नहीं रहा। हाई स्कूल स्तर पर उर्दू विषय में सभी 11 पंजीकृत विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**सागर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन गिद्ध गणना कार्य माह फरवरी 2026 में 20 से 22 फरवरी तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ किया जाएगा। वन संरक्षक, वन वृत्त सागर द्वारा वन वृत्त सागर अंतर्गत उक्त गणना के लिए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को नोडल बनाया गया है। इसी तारतम्य में गिद्ध प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12.02.2026 को किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री दिलशेर खान द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (उत्तर सागर), दक्षिण सागर वनमंडल एवं दमोह वनमंडल के वन अमले तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गिद्धों की पहचान, उनके घोंसलों की खोज आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विश्व स्तर पर पाई जाने वाली गिद्धों की विभिन्न प्रजातियों, भारत में पाई जाने वाली प्रजातियों, उनकी अनुमानित वर्तमान संख्या तथा संरक्षण संबंधी उपायों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में वनमंडल अधिकारी स्तर से लेकर वनरक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर स्तर तक का अमला उपस्थित रहा। उपस्थित अमले ने सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो गिद्ध गणना के दौरान प्रजातियों की सही पहचान में सहायक सिद्ध होगा। दिनांक 20 से 22 फरवरी 2026 तक शीतकालीन वास्तविक गिद्ध गणना कार्य संपन्न किया जाएगा। इसके आंकड़े वन विहार, भोपाल द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश से एकत्रित कर उनका आकलन किया जाएगा।

## एक-एक सांस के लिए हो रहा दो माह के अयांश का जीवन संघर्ष

# पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की पहल से मुंबई में होगा मासूम के हार्ट का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मालथौन विकासखण्ड के ग्राम पाती खेड़ा निवासी मात्र 2 माह के अयांश को जन्म से आई हृदय की गंभीर बीमारी का उपचार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से मुंबई के एसआरसीसी हास्पिटल में आरंभ हो गया है। एक-एक सांस के लिए जूझते तड़पते अयांश को आक्सीजन सपोर्ट के सहारे लेकर उसके मां पिता बीना, सागर, भोपाल, नागपुर और रायपुर तक की अस्पतालों में भर्ती करा चुके थे लेकिन केस की जटिलता से उसका आपरेशन नहीं हो पा रहा था।

मालथौन विकासखण्ड के ग्राम पाती खेड़ा निवासी सूरज सिंह राजपूत और तुलसा राजपूत ने रायपुर की अस्पताल से पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय में संपर्क करके अपने इकलौते बेटे अयांश की जीवन मृत्यु के बीच झूलने की परिस्थिति बताई थी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने अयांश के परिजनों से पूरी जानकारी ली और उन्हें तुरंत रायपुर से लौटकर सागर बुंदेलखंड मेडीकल कालेज में अयांश को लाने को कहा। वापस लौटने पर तुरंत बीएमसी में अक्षांश को दाखिल कराया गया जहां उसे आक्सीजन सपोर्ट पर डाक्टरों की निगरानी में रखा गया। इस बीच पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सागर जिला कलेक्टर संदीप जीआर और सीएमएचओ ममता तिमोरी को प्रकरण से अवगत कराया और हर संभव प्रयास करके अयांश के उपचार की व्यवस्था करने के लिए विस्तार से चर्चा की। पूर्व मंत्री सिंह ने स्वयं एसआरसीसी हास्पिटल मुंबई में संपर्क करके चिकित्सकों से अयांश की मेडीकल हिस्ट्री को कंसल्ट किया। यह हास्पिटल "राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम" के तहत बच्चों के हृदयरोग के उपचार के लिए चिन्हित किया गया है। मुंबई के हास्पिटल ने आपरेशन से अयांश का उपचार करने पर सहमति जताई।



पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सागर जिला कलेक्टर और सीएमएचओ ममता तिमोरी से चर्चा कर सिर्फ एक दिन के भीतर अयांश का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में अयांश का पंजीयन कराया और एयर एंबुलेंस से अयांश को मुंबई भेजना तय कर लिया। लेकिन ग्रामीण पृष्ठभूमि के परिजनों ने एयर एंबुलेंस से मुंबई जाने से इंकार करते हुए सड़क मार्ग से जाने पर जोर दिया तब प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 108 एंबुलेंस सेवा से आक्सीजन और टेक्निकल सपोर्ट के साथ सड़क मार्ग से अयांश और उनके परिजनों को मुंबई रवाना किया। व्यवस्थाओं के लिए सीएमएचओ स्वयं तब तक अयांश के साथ मौजूद रहीं जब तक वह उपचार के लिए एंबुलेंस से मुंबई रवाना नहीं हो गया।

आखिरकार 12 फरवरी की रात सागर की 108 एंबुलेंस ने दो माह के अयांश को एसआरसीसी हास्पिटल मुंबई में दाखिल कराया जहां के चिकित्सक और स्टाफ पूर्व गृहमंत्री सिंह की सूचना पर उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। यहां अस्पताल ने अयांश के परीक्षणों के साथ आपरेशन और उपचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भूपेन्द्र सिंह और सभी ग्राम पातीखेड़ा निवासी अयांश के सफल आपरेशन के लिए प्रयासों के साथ साथ प्रार्थना भी कर रहे हैं। पांच नगरों के विभिन्न अस्पतालों में भटकने के बाद अब अयांश उपचार के लिए सही जगह और सही हाथों में है।



## पशुपतिनाथ जी को चढ़ाया गया तेल

**सागर।** तिली रोड स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में भोलेनाथ के विवाह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सायंकाल पशुपतिनाथ जी को सुगंधित तेलों का लेपन लगाया गया। पंडित शिवप्रसाद तिवारी ने बताया आज शनिवार को सुबह 10बजे मंडप डलेगा,12बजे हल्दी की रस्म के तहत अष्टगंध मलयागिर चंदन और हल्दी का लेप लगाया जाएगा। दोपहर 1बजे टीका फलदान होगा। रविवार को बारात निकाली जाएगी।



## भूतेश्वर महादेव मंदिर में सामूहिक भोज सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी की ग्रहण

**खुरई।** महाशिवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार रात नगर के भूतेश्वर महादेव मंदिर में मड़वा की पंगत का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के विवाह की परंपरा के अनुसार, खुरई के रजवांस रोड स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भगवान के विवाह के लिए मंडप छाया गया और मड़वा की कच्ची पंगत का आयोजन किया गया। पंडित प्रेमनारायण तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात भगवान भूतेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही भगवान का अभिषेक भी हुआ। भोलेनाथ को चांदी की पोशाक भी भेंट की गई। कच्ची पंगत का यह आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। खुरई में हर साल भगवान शिव की ऐतिहासिक बारात निकाली जाती है, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग आते हैं।

## महाशिवरात्रिः 25वीं शिव बारात की तैयारी समिति बांट रही आमंत्रण पत्र

**खुरई।** महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां पिछले तीन महीने से चल रही हैं। इस वर्ष शिव शाही शादी समिति अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रही है, जिसके उपलक्ष्य में एक ऐतिहासिक शिव बारात निकाली जाएगी। यह बारात मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी बारातों में से एक मानी जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। शिव बारात में भक्तों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। समिति के सदस्य बाजारों और घरों में जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दे रहे हैं। प्रशासन भी इस भव्य आयोजन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रहा है। अमित दुबे ने बताया कि खुरई की शिव बारात में स्थानीय निवासियों के अलावा बाहर से भी हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। इसे खुरई का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है, जो पूरे क्षेत्र में उत्साह का संचार करता है। यह शिव बारात भूतेश्वर महादेव मंदिर से 15 फरवरी, रविवार को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। बारात में 70 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। भूत-पिशाच के वेश में बाराती नाचते हुए चलेंगे, साथ ही ढोल-नगाड़े और डीजे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। नगर के प्रमुख चौराहों, तिराहों और सड़कों को भगवा ध्वज से सजाया गया है, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल बन गया है।



## बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़ और बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**सागर।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है। लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है। लेकिन बुंदेलखंड को उसकी जरूरत के मुताबिक रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है। सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाये। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आये थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। जिन मार्गों पर रेल सेवा शुरू करने की मांग की गई है उनमें भिंड- बांदा - महोबा, ललितपुर - सागर, सागर-छिंदवाड़ा, छतरपुर-सागर, झांसी - शिवपुरी और ललितपुर - चंदेरी मार्ग शामिल हैं। धरने को राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत - अमरीका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमरीका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमरीकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के ' डेथ वारंट ' पर दस्तखत हैं जिसके चलते भारत के किसान बर्बाद होंगे और अमरीका के उन किसान मुनाफा कमायेंगे जिन्हें वहां की सरकार अच्छी खासी सब्सिडी देती है।संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को 'भारतीय जुमला पार्टी ' बताते हुए कहा कि हर साल दो करोड़ नौकरी, फसल का दाम दोगुना करने , हर खाते में पंद्रह लाख रुपए आने जैसे वादे तो पूरे किए नहीं, उल्टे देशभर में एक लाख स्कूल बंद कर दिए गए, प्रति व्यक्ति आय घटती चली गई और देश तरक्की के मामले में 142 वें नंबर पर चला गया। संजय सिंह ने इन नीतियों के विरोध में सड़क से संसद तक संघर्ष करने की जरूरत बताई।

## सभी पुरियों में काशी, सभी दिनों में महाशिवरात्रि श्रेष्ठः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



अविराज सिंह ने डूब प्रभावितों को पट्टा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए भगवान शिव के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि श्री शिव महापुराण में वर्णित है कि सभी पुरियों में काशी श्रेष्ठ, सभी नदियों में गंगा श्रेष्ठ, सभी शक्तियों में शिव शक्ति श्रेष्ठ, सभी शिवलिंगों में पार्थिव श्रेष्ठ और सभी दिनों में महाशिवरात्रि का दिन श्रेष्ठ माना गया है। अविराज सिंह ने कहा कि भगवान शिव का न आदि है और न अंत। उनके मस्तक पर सुशोभित चंद्रमा शांति का प्रतीक है, जटाओं में बहती गंगा जीवन का प्रतीक है और उनका नीलकंठ स्वरूप विश्व कल्याण के लिए त्याग और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र का श्रवण-मनन करना चाहिए। शिव को दूध अर्पित करने की परंपरा भी उनके विषपान के प्रतीक स्वरूप शीतलता प्रदान करने की भावना से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। रामचरित मानस की चौपाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। भगवान श्रीराम ने अपना जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित किया और हमें भी रामराज्य की स्थापना के संकल्प के साथ समाजहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डूब प्रभावित परिवारों को पट्टा वितरण किया गया। अविराज सिंह ने कहा कि यह आप सभी के नए जीवन की शुरुआत है। पैतृक मकान और भूमि छोड़कर नए स्थान पर जाना भावनात्मक क्षण है, लेकिन आपके पूर्व गृह मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह जी के अथक प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और इसी प्रयास का परिणाम है कि प्रभावित परिवारों को नए भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मकान डूब क्षेत्र में आए हैं, उन्हें प्रदेश में सर्वाधिक मुआवजा राशि खुरई विधानसभा क्षेत्र में प्राप्त हुई है। नए आवासीय क्षेत्र में सड़कों, स्कूल, अस्पताल, सामुदायिक भवन, ऑडिटोरियम, स्टेडियम और शुद्ध पेयजल जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

## पुलवामा के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेगी

**सागर।** फरवरी वेलेंटाइन डे पर शिवसेना संगठन पाश्चात्य संस्कृति का सिविल लाइन चौराहे पर पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराएगी। इसके पूर्व शिवसेनिक कृष्णा नगर वार्ड मकरोनिया से रैली के रूप में शहीद काली चरण चौराहा सिविल लाइन पहुंच कर पुलवामा में शहीद 44 जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। शिवसेना संगठन ने वेलेंटाइन डे का विरोध करने की तैयारियां पूर्ण कर ली है। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पु तिवारी ने वेलेंटाइन डे को पाश्चात्य संस्कृति की विकृत मानसिकता बताते हुए युवाओं से इस दिन को मातृ पितृ दिवस के रूप में मनाने की अपील की है। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कहा कि शिवसेनिक इस दिन प्रेमी युगल स्थलों. रेस्टोरेंट. पार्कों में मनचले आशिकों की गतिविधियों पर निगाह रखेंगे। जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि जहां मिलेंगे बाबू सोना तो उनकी सनातन रीति रिवाज से शादी कराने पुजारी पुरोहित शिवसेना संगठन के साथ रहेंगे। सिंह ने सभी शिवसेनिकों सहित सभी हिंदू संगठनों से वेलेंटाइन डे का विरोध करने की अपील की है।



## संचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने आकाश वाणी का किया भ्रमण, कौशल भी सीखे

**सागर।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभाग के शिक्षकों डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल के नेतृत्व में आकाशवाणी सागर का भ्रमण किया। दीपक निषाद ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए संचार माध्यम के रूप में रेडियो की प्रासंगिकता एवं उसकी महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेडियो एक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक माध्यम के रूप में पहचान बनाए हुए है। तेजी से बदलती तकनीक के दौर में रेडियो की सार्थकता कभी कम नहीं हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे सहयोग के लिए उपलब्ध है जिसे हमें बड़े ही सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ प्रयोग करना चाहिए। लेकिन हम इस पर पूरी तरह से आश्रित होकर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक जय शेखर ने आवाज की दुनिया से छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक रूबरू कराया। उन्होंने प्रभावी संप्रेषण के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रेडियो एक ऑडियो माध्यम है जिसके जरिए अपनी बात एक बड़े जन श्रोता समूह तक पहुंचाते हैं । ऐसे में प्रभावी आवाज ही आपको अलग मुकाम और पहचान दे सकता है। उन्होंने अपने संघर्ष और अनुभव को साझा करते हुए विपरीत परिस्थिति में लगातार सीखने और आगे बढ़ने का मंत्र दिया। एक उद्घोषक या फिर एफएम आरजे के रूप में अपनी पहचान बनाने वालों के लिए उन्होंने टिप्स देते हुए कहा कि उन्हें किसी की तरह के गुटखा, शराब, सिगरेट जैसे किसी भी नशे से दूर रहना चाहिए। इसके साथ ही लगातार अभ्यास, उच्चारण, पिच, मॉड्यूलेशन आदि पर अपनी पकड़ मजबूत रखना चाहिए। डीजे की अत्यधिक शोरगुल में बातचीत करने से बचना चाहिए।

## कांग्रेस कमेटियों से शीर्ष नेतृत्व सीधी बात करेगा

# कांग्रेस कमेटियों में सभी वर्गों को समाहित किया जाएगा: भूपेंद्र मोहासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस कमेटियों में सभी वर्गों को समाहित किया जायगा यह बात जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने सागर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कर्रापुर नगर पंचायत के वार्ड नं 10 एवं 11में मुख्य अतिथि के तौर पर ₹मनरेगा बचाओ महासंग्राम एवं पंचायत,/ वार्ड कमेटियों के गठन को लेकर जन चौपाल में कही। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटिया, कांग्रेस की नींव को मजबूत करेगी व कांग्रेस कमेटियों से शीर्ष नेतृत्व सीधी बात करेगा। विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी नें कहा कि वार्ड एवं पंचायत समितियों के गठन सें कांग्रेस मजबूत होगी। संगठन में महिलाओ कि सहभागिता जरुरी है.



प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी नें कहा कि कांग्रेस में संगठन सृजन में अंतिम व्यक्ति का भी ध्यान रखा गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने कहाँ कि ब्लॉक अध्यक्ष के तौर पर मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अच्छे लोगों के चयन का कार्य करूंगा। ताकि कांग्रेस को मजबूती मिल सके। वार्ड नंबर 10 में अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र सिंह राजपूत एवं वार्ड नंबर 11 में अध्यक्ष निकलंक जैन को चौपाल में मौजूद लोगों ने सर्व सम्मति से चुना।चौपाल का संचालन सरफराज पठान ने किया एवं आभार पार्षद मोहन अहिरवार ने माना।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता राकेश राय, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, मकरोनिया ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, विशाल सिंह ठाकुर मझगुंवा, प्रदेश अ.जा. उपाध्यक्ष हेमंत लारिया, अरविंद मिश्रा, कुंदनलाल, पुरुषोत्तम शिल्पी, युवा कांग्रेस नरयावली अध्यक्ष रोहित वर्मा, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल कुशवाहा, कदम सिंह, रामअवतार सिंह, निकलंक जैन, सालक राम जाटव, लोकमन जाटव, भैयाराम अहिरवार , राजा नामदेव, अनिल जाटव, इदरीश खान, मोतीलाल पटेल, देवेंद्र अहिरवार, मुन्ना लाल चौरसिया, सुभाषचंद, नरवद प्रसाद अहिरवार, शिवचरण सोनी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, मोहन पटेल, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत केरवाना, जनक सिंग , सत्यम चौधरी, राजेंद्र, अन्नाद सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## मुख्य सड़कों पर अक्सर बन रही जाम की स्थिति, यातायात व्यवस्था चौपट


# शहर के यातायात के लिए शादी का सीजन बना 'नीम चढ़ा करेला'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में यातायात व्यवस्था तो वैसे ही भगवान भरोसे चल रही है। अब इसके साथ ही शादी का सीजन होने से शहर की सड़कें जाम लगने का स्थाई अड्डा बनती जा रही है। क्योंकि मुख्य सड़को पर मौजूद मैरिज गार्डेनों की लापरवाह व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी व चुप्पी शहर की यातायात व्यवस्था के लिए नासूर बन गई है। ऐसी स्थिति में शादी के सीजन में शहर की बेपटरी यातायात व्यवस्था पर करेला, ऊपर से नींम चढ़ा बाली कहावत फिट बैठ रही है। शहर की मुख्य सड़को पर शाम के वक्त वाहनो का जाम में फंसना और रेंगकर चलने को मजबूर होना शहरवासियो की नियति बनती जा रही है। क्योंकि मैरिज गार्डन में शादी समारोह होने की बजह से यातायात व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है। जिससे शहरवासी जबरदस्त तरीके से पीड़ित हैं।

**स्थिति बदलने हेतु बैठकें तो हुईं लेकिन नतीजा, ढाक के तीन पात:** शहर की ध्वस्त हो चुकी यातायात व्यवस्था और मुख्य सड़को पर स्थित मैरिज गार्डन की बजह से कई बार विभिन्न तिराहों एवं चौराहों पर जाम की स्थिति बनती है। जिसके चलते एक ओर जहां पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही दूसरी ओर वाहन चालकों को भी आवागमन में दिक्कतें होती है। उक्त परिस्थिति को बदलने के उद्देश्य से शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के संबंध में पूर्व में यातायात व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों की कई बार संयुक्त बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिये बिभिन्न योजनाएं बनाई गई। कागजो पर खाका तैयार किया गया लेकिन उक्त बैठकों में तैयार किया गया खाका कागजो से कभी जमीन पर नहीं उतर सका। जिससे शहर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था वेपटरी होती गई।

**शहर के ये चौराहे हो चुके जाम के चक्रव्यूह के लिए बदनाम:** बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था और मैरिज गार्डेनो में समुचित पार्किंग व्यवस्था न होने और यातायात पुलिस कर्मियों की अनदेखी की बजह से शहर के बस स्टैण्ड सहित, चकरा तिगेला, अस्पताल चौराहा, चाट चौपाटी तिराहा, सैलसागर चौराहा आदि जगहों पर दिन में तो कई बार जाम की स्थिति बनती ही है, लेकिन शादी का सीजन होने की बजह से मैरिज गार्डेनो की बजह से शाम को लंबे समय तक जाम लगे रहने की स्थिति बनी रहती है। यहां गौरतलब है कि बसस्टैण्ड के प्रवेश द्वार से सटी यातायात पुलिस चौकी है। जहां यातायात पुलिस के कर्मचारी तो तैनात है लेकिन प्रवेश द्वार के बाहर हर घंटे दो घंटे जाम की स्थिति देखी जाती है। यहां पुलिस चौकी पर तैनात यातायात पुलिस के कर्मचारियों का बसस्टैण्ड के बाहर लगने वाले जाम पर कोई ध्यान नहीं रहता। जिसके चलते बसस्टैण्ड के प्रवेश द्वार पर टैक्सी चालक अपनी टैक्सियों को इधर-उधर खड़ी करते है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।





### मुख्य सड़कों पर मैरिज गार्डन तो बनाए लेकिन पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं

शहर के समाजसेवियो ने मैरिज गार्डन संचालको के साथ साथ प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मुख्य सड़क पर एक दूसरे के नजदीक मैरिज गार्डन बनाने की अनुमति जब प्रशासन ने दी, तब प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मुख्य समस्या को अनदेखा कर दिया कि मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोहो में सैकड़ो की संख्या में शामिल होने आने बाले लोगो के वाहनो के पार्किंग की समुचित व्यवस्था है भी या नहीं। साथ ही आसपास ही कई मैरिज गार्डन होने से बाहनो की संख्या में चौगनी बढ़ोतरी हो जाती है। जिसका भार मुख्य सड़क पर आ रहा है। और जाम की स्थिति बन रही है। मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा वाहन पार्किंग की व्यवस्था के नाम पर नाकाफी व्यवस्था कर शहर की यातायात व्यवस्था को और ज्यादा बिगाड़ने में योगदान दिया जा रहा। और प्रशासन मौन धारण किए हुए है।

### इनका कहना है

मैरिज गार्डन की अनुमति यातायात विभाग से बिना अनुमति लिए नगर पालिका द्वारा दिया जाना इसका बड़ा कारण है। और यातायात विभाग के पास समुचित संसाधन न होने की वजह से यातायात विभाग पूर्ण व्यवस्था नहीं कर पा रहा। यातायात विभाग में क्रेन या लोडिंग वाहन भी नहीं है।

**कैलाश पटेल,** प्रभारी यातायात पुलिस टीकमगढ़

मुखबिर व ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग जतारा ने जब्त की जेसीबी

## जिलाबदर आरोपी द्वारा कराए जा रहे अवैध उत्खनन पर रेंजर की रेड



**टीकमगढ़।** सैकड़ों आपराधिक प्रकरण के जिला बदर का आरोपी अपने सहयोगियों द्वारा जंगल में आधी रात को अवैध उत्खनन का कार्य कराया जा रहा था। जिसमें जेसीबी मशीन और डंपर जैसे वाहनों का उपयोग किया जा रहा था। उक्त अवैध उत्खनन की जानकारी जैसे ही मुखबिरों व स्थानीय ग्रामीणों ने जतारा वन विभाग को दी। तभी जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में आधी रात में उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसमें जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया गया। रेंजर शिशुपाल के नेतृत्व में जतारा वन विभाग द्वारा वन अपराधों के नियंत्रण के लिए लगातार सराहनीय कार्यवाही की जा रही है। जिसकी बजह से मुखविर व ग्रामीणजन भी बेखौफ़ और इस आशा से आश्वस्त होकर सूचना दी जाती है कि रेंजर शिशुपाल के होते हुए कार्यवाही जरूर की जाएगी।

मुख्य वन संरक्षक वनव्रत छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन अपराधों पर अंकुश एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए वन परक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा जतारा वन परिक्षेत्र में लगातार कार्यवाही करने के दौरान 12 फ़रवरी की रात्रि में मुखविर से सूचना प्राप्त हुई की वन परिक्षेत्र जतारा की बीट कछोरा के संरक्षित पुराने कक्ष क्रमांक पी 279 एवं नया कक्ष क्रमांक पी 542 में बहने वाली उर नदी में वन माफियाओं के द्वारा एक जेसीबी एवं डंफरों के माध्यम से वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन का कार्य किया जा रहा है। जिसके पश्चात सूचना के आधार पर आधी रात्रि में दल का गठन करते हुए मौके से वन अमले को भेजा गया। उक्त वन अमले को वन क्षेत्र में बहने वाली उर नदी के किनारे पास के जंगल में एक पीले रंग की जेसीबी दिखाई दी। जिसकी तरफ वन अमला जैसे ही बढ़ने लगा वैसे ही वन माफियाओं द्वारा वन अमले को देखकर तत्काल नदी में उत्खनन का काम रोकते हुए जेसीबी का ऑपरेटर जेसीबी को बंद और उसको लॉक करके मौके से भाग गया। तब वन अमले ने वन विभाग की अभिरक्षा में पीले रंग की एक जेसीबी मशीन को वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त होने के कारण जप्त करके जतारा लें जाया गया। साथ ही वनभूमि में अबैध उत्खनन करवाने वाले कुख्यात विभिन्न सैकड़ों अपराधिक और वन अपराध प्रकरणों में संलिप्त एवं जिला बदर आरोपी खड़ी उर्फ़ सरजू राजपूत, सुरेंद्र जोशी, शीपू जोशी, निप्पू राजपूत एवं भूपेंद्र राजपूत, शिवम यादव निवासी कछोरा एवं जेसीबी मालिक बबलू सेंगर निवासी पलेरा के विरुद्ध भारतीय अधनियम 1927 की विभिन्न धराओं के तहत वन अपराध प्रकरण नामजद दर्ज कर प्रकरण को अग्रिम विवेचना में लेकर जप्त वाहन के लिए राजसात की कार्यवाही के लिए प्रस्तावित किया गया। उक्त कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में की गई। जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण वन अमला मौजूद रहा।





### बच्चे, राष्ट्र की धरोहर, उनका संस्कारित होना सामूहिक जिम्मेदारी : एसपी मंडलोई

**टीकमगढ़।** समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा शहर के पिछड़े एवं वंचित क्षेत्र में बच्चों के कुशल उन्नयन और समग्र विकास के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मूल उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न रहकर, समाज के नन्हे भविष्य को सही दिशा देना था। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अपने स्पष्ट संदेश में उक्त भाव व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, उनका सुरक्षित और संस्कारित होना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस टीम ने बच्चों को सरल, सहज और भावनात्मक भाषा में नशे के दुष्प्रभावों, अपराध के दुष्परिणामों तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया। शिविर के दौरान विशेष रूप से बालिकाओं को ह्यगुड टच-बैड टचह्व की महत्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों से उन्हें आत्मविश्वास प्रदान किया गया, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें। साथ ही शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए उन्हें अपने सपनों को साकार करने हेतु निरंतर अध्ययन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं उपयोगी टिप्स भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर जागरूकता की चमक और आत्मविश्वास की मुस्कान स्पष्ट झलक रही थी।

## महिला सरपंच बैठी जिला सीईओ की गाड़ी के सामने

# पंचायती कार्य सुचारु करने सचिव बदलवाने की मांग न मानने से रुष्ट हुई सतगुंवा सरपंच



**टीकमगढ़।** एक ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने पंचायत के वित्तीय कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए ज़ब पंचायत सचिव को बदलने की मांग की और वह मांग पूरी होने में देरी होने लगी, तब महिला सरपंच स्वयं जिला मुख्यालय पहुंची और जिला पंचायत कार्यालय जाकर जिला सीईओ के वाहन के सामने ही धरना देकर इस उद्देश्य से बैठ गईं कि साहब को तब तक नहीं जाने दूंगी, ज़ब तक कि पंचायत सचिव को बदलने का लिखित आदेश नहीं हो जाये।

जिले की जतारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सतगुआ की महिला सरपंच संगीता पत्नी जानकी शरण यादव ने कलेक्टर व जिला सीईओ को दिए आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत सतगुआ में लोकपाल सिंह बुन्देला पंचायत सचिव का प्रभार दिया गया है। लेकिन लोकपाल सिँह ग्राम पंचायत वीरऊ में सचिव पद पर पदस्थ है। और चूंकि ग्राम पंचायत सतगुवा से वीरऊ पंचायत की दूरी लगभग 24 किलोमीटर है। जिससे दोनो पंचायतो के कार्य प्रभावित हो रहे है। इसलिये लोकपाल सिँह को सचिव रूप में ग्राम पंचायत सतगुवा में मान्य नहीं किया जा सकता। क्योंकि ग्राम पंचायत सतगुवा में वित्तीय विकास कार्य नहीं हो पा रहे है। उक्त आवेदन में महिला सरपंच संगीता यादव ने मांग करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सतगुवा के नजदीक ही 3 किलोमीटर की दूरी पर ही ग्राम पंचायत ईशोन स्थित है। जिसके सचिव पुष्पेन्द्र सिंह बुन्देला को ग्राम पंचायत सतगुआ का सचिव प्रभार दे दिया जाये। या हरचरण अहिरवार को सचिव सतगुवा बना दिया जाये। ग्राम पंचायत सतगुवा की महिला सरपंच संगीता यादव ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि पूर्व में मध्यप्रदेश संचलानय द्वारा भी पत्र जारी करके स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत के नजदीक स्थित पंचायत सचिव को ही दिया जाये। लेकिन ग्राम पंचायत सतगुआ मामले में मध्यप्रदेश संचलानय के उक्त आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

पारिवारिक संकट में आरक्षक को मिला एसपी का मानवीय सहयोग

# बल की मजबूती अनुशासन से नहीं आपसी विश्वास सहयोग से: मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यस्थितियों, स्वास्थ्य, पारिवारिक परिस्थितियों एवं कल्याण से संबंधित विषयों की संवेदनशील समीक्षा की गई। इस बैठक का स्वरूप औपचारिक की अपेक्षा आत्मीय भरा ज्यादा रहा। क्योंकि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई ने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी से व्यक्तिगत रूप से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। और मानवीयता से परिपूर्ण सहयोग करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियो व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया।

### लंबित अवकाश प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए

बैठक के दौरान एक पुलिस आरक्षक ने अपने परिवार में उत्पन्न गंभीर परिस्थिति से अवगत कराया। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने तत्परता से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक अवकाश स्वीकृत किया, ताकि कर्मचारी अपने परिवार के साथ रहकर परिस्थिति का सामना कर सके। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के इस संवेदनशील निर्णय से संबंधित कर्मचारी भावुक हो उठा और उसने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिस बल की मजबूती केवल अनुशासन से नहीं आती बल्कि अधिकारी व कर्मचारियों के बीच आपसी विश्वास और मानवीय सहयोग से भी आती है। एसपी मंडलोई की यह पहल दर्शाती है कि एसपी मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन अपने कर्मियों की परिस्थितियों को केवल फाइलों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से समझता है।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने निर्देशित किया कि लंबित अवकाश प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए। किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक प्रशासनिक कठिनाई न हो। कल्याण संबंधी मामलों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। एसपी मंडलोई ने कहा कि एक संतुलित और मानसिक रूप से सशक्त पुलिसकर्मी ही समाज की प्रभावी सुरक्षा कर सकता है। यदि हम अपने कर्मियों की चिंता नहीं करेंगे, तो वे जनता की चिंता कैसे करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बिना सूचना खड़ी फसल के बीच गड्ढे खोदने का आरोप

# अतरार गांव में ट्रांसमिशन विभाग की कार्रवाई से किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जनपद अंतर्गत अतरार गांव में ट्रांसमिशन विभाग द्वारा खंभे लगाने के लिए किसानों की खड़ी फसल के बीच गड्ढे खोदे गए। जिसकी वजह से ग्रामीणों में नाराज़गी देखी जा रही है। ग्राम अतरार के ग्रामीणों का कहना है कि महीनों की मेहनत और लागत से तैयार की गई फसल के बीच अचानक मशीनों और मजदूरों की आवाजाही से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि न तो पूर्व में कोई बैठक की गई और न ही वैकल्पिक मार्ग या मुआवज़े की स्पष्ट जानकारी दी गई। किसानों ने बताया कि खड़ी फसल में गड्ढे खोदने से पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा, जिससे उनकी आमदनी प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की है कि फसल को हुए नुकसान का उचित मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही साथ आगे का खुदाई कार्य किसानों की सहमति से किया जाए। इसके अलावा खंभों की लाइन ऐसी तय की जाए, जिससे कम से कम नुकसान हो। जिससे किसानों के साथ अन्याय न हो। क्योंकि किसान तो प्राकृतिक तौर पर बैसे भी नुकसान उठाये बैठा है। अब अगर ऐसे में प्रशासन भी किसानों को नुकसान पहुंचाएगा तो किसान कहाँ जाएगा। ऐसी परिस्थिति में किसानों के परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने से किसान कैसे निपटेगा। इस संबंध में बिजली विभाग पलेरा के ओआईसी लक्ष्मण कुशवाहा का कहना है कि क्षेत्र में बिजली खंभे लगाने का कार्य निजी कंपनी का है। इस कार्य का बिजली विभाग से कोई सरोकार नहीं है, क्योंकि उक्त कार्य शासन द्वारा ठेके पर दिया गया है।

## 300 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में देंगे अपनी सेवा

# बागेश्वर धाम सेवाकार्य के लिए तिवारी बंधुओं ने भेजा शिष्यमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



समीप के जिले छतरपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर 300 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन हो रहा है। जिसमें सेवाकार्य के लिए टीकमगढ़ के वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र तिवारी, राहुल तिवारी व रिक्की तिवारी ने शिष्यमंडल भेजा है। जो निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह आयोजन में अपनी सेवा देंगे। राजेंद्र तिवारी ने बताया कि उक्त आयोजन में संतों और आठ देशों के राजदूतों की उपस्थिति रहेगी। साथ ही आयोजन में भव्य व्यवस्थाएं रहेगी, बेटियों को भव्य उपहार व 30 हजार की एफडी दी जाएगी। सुरक्षा और स्वास्थ्य के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उक्त आयोजित होने वाले भव्य कन्या विवाह महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**विगत 7 वर्षों से निरंतर हो रहा आयोजन:** राजेंद्र तिवारी ने उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा पिछले सात वर्षों से लगातार गरीब परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह कराया जा रहा हैं और हर वर्ष यह आयोजन भव्यता के नए आयाम छू रहा है। राजेंद्र तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर आयोजित यह कन्या विवाह महोत्सव श्रद्धा, सेवा और संस्कार का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका सहित आठ देशों के राजदूत बेटियों को आशीर्वाद देने बागेश्वर धाम आ रहे हैं। इसके अलावा देशभर के महापुरुष, प्रख्यात संत एवं राजपीठ के लोग भी बेटियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में 3 दिन का विशेष उत्सव आयोजित हो रहा है। 13 से 15 फरवरी तक का समय विशेष उत्सव का है। 13 फरवरी को हल्दी की रस्म होगी। 14 फरवरी को मेहंदी की रस्म और 15 फरवरी को विवाह होगा। दूर की बेटियों को एक दिन पहले बुलवाया गया है।

**केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी एक मिसाल बना आयोजन–** राजेंद्र तिवारी ने बताया कि देश-विदेश से आने वाले अतिथियों की उपस्थिति में होने जा रहा यह आयोजन केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी एक मिसाल कायम करने बाला सिद्ध होगा। फिलहाल बागेश्वर धाम पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। इस बार का आयोजन कई मायनों में खास और ऐतिहासिक माना जा रहा है। आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है, क्योंकि इस सामूहिक विवाह में एक बेटी नेपाल देश से भी शामिल हो रही है। इसके साथ ही संत महात्माओं की पावन उपस्थिति और आठ देशों के राजदूतों के शामिल होने की संभावना ने कार्यक्रम को वैश्विक पहचान दिला दी है। बागेश्वर धाम परिसर को भव्य सजावट से सुसज्जित किया गया है और विवाह मंडपों को आकर्षक ढंग से तैयार किया गया है।

**इस बार बेटियों को दिए जाएंगे विशेष उपहार–** राजेंद्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष बेटियों को उपहार के रूप में श्री बालमुकुंद भगवान का विग्रह, बालाजी सरकार का विग्रह, श्री रामचरितमानस, वस्त्र, श्री बागेश्वर धाम कैलेंडर, गाय बछड़ा दिए जाएंगे। इसके अलावा अन्य सामग्री में मंगलसूत्र, पायल, बिछिया, नाक की कील, कान की बाली टॉप्स, 7 साड़ियों का सेट, चांदी का सिक्का, श्रीफल चांदी कवर सहित, श्रृंगार दानी, चूड़ी सेट, डबल बेड, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, गद्दे तकिया कवर सहित, बेडशीट, कंबल, ट्रॉली बैग, कलर एलइडी टीवी, सिलाई मशीन, सीलिंग फैन, वॉटर हिटर, इलेक्ट्रिक प्रेस, दीवाल घड़ी, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बर्तन सेट, प्रेशर कुकर, कलश स्टील, टिपारा, सूपा, खिचड़ी, बेला कांसा, मिक्सर ग्राइंडर, पानी का थर्मस, स्टील जग, लेडीज पर्स, रोल गोल्ड अंगूठी शामिल है। इस बार 30 हजार की एफडी की जा रही है जो वर और वधू के संयुक्त नाम से होगी।

**बुंदेली भाषा में लोगों को आने का निमंत्रण –** राजेंद्र तिवारी ने बताया कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस अवसर पर बुंदेली भाषा में प्रदेश और देशवासियों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यह केवल विवाह नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि जिन बेटियों के माता-पिता आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उनके लिए बागेश्वर धाम परिवार बनकर खड़ा है। हर बेटी को सम्मानपूर्वक विदा करना ही आयोजन का उद्देश्य है। सामूहिक विवाह के माध्यम से न केवल दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर प्रहार किया जा रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी दिया जा रहा है।

### नगरपालिका भवन और टेलीफोन एक्सचेंज भवन स्थल पर होगा निर्माण

# शहर में नपा बनाएगी दो शॉपिंग मॉल, दूर होगी पार्किंग की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में अच्छे शॉपिंग मॉल की सुविधा के साथ-साथ लोगों को अब पार्किंग की परेशानी से भी निजात मिल जाएगी। नगर पालिका ने इसकी तैयारी कर ली है। नपा कार्यालय नए भवन में शिफ्ट होने के बाद गांधी पार्क स्थित पुराने भवन को तोड़कर उसके स्थान पर बहु मंजिला शॉपिंग मॉल निर्माण किया जाएगा और निचले तल पर पैड पार्किंग भी बनाएगी ताकि बाजार में खरीददारी को आने वाले लोगों के सामने अपने वाहन खड़े करने की आ रही समस्या से मुक्ति मिल जाए। साथ ही जय स्तंभ स्थित पुराने एक्सचेंज कार्यालय पर अब नया शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका ने इसकी तुड़ाई का काम भी शुरू कर दिया है।

शहर में पार्किंग सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रशासन इस समय गंभीरता से विचार कर रही है। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश पर नपा के इंजीनियरों ने बाजार के बीचों बीच ही ऐसा पार्किंग स्थल विकसित करने का डिजाइन बनाना शुरू कर दिया है जहां बड़ी संख्या में वाहन पार्क किए जा सकें। दरअसल नगर पालिका नए भवन में शिफ्ट जाने के बाद अनुपयोगी हो जाने वाले पुराने भवन का उपयोग परिषद व्यावसायिक के साथ जनसुविधा जनक विकास के लिए करना चाहती है और पैड पार्किंग इस मामले में अच्छा विकल्प हो सकता है। साथ ही पार्किंग की कमी के चलते हो रही छीछालेदर से भी परिषद को मुक्ति मिल जाएगी। इसी साल नपा अपने शिवपुरी रोड स्थित नए भवन में शिफ्ट हो जाएगी जिसके बाद पुराने भवन को तोड़कर शॉपिंग मॉल एवं पार्किंग स्थल विकसित करने का काम शुरू कर दिया जायेगा।



#### बैंकों के पास भी नहीं पार्किंग

शहर में आधा दर्जन से अधिक बैंक बाजारों में संचालित हो रही है। बैंक के पास पार्किंग नहीं होने से ग्राहक बैंक के बाहर अपनी गाड़ी खड़ी करते हैं जिससे सड़क पर जाम लग रहा है। जाम से निजात दिलाने के लिए बैंकर्स के पास कोई समाधान नहीं है। प्रतिदिन बैंक के आगे दर्जनों की संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन खड़ा कर लोग अपने कार्य के लिए शाखा जाते हैं। इस दौरान वहां पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और आम लोगों को जाम की दुश्वारियों से दोचार होना पड़ता है। शहर के पालीरोड, बड़ौदा रोड एवं शिवपुरी रोड बैंक शाखाए संचालित हो रही हैं। सबसे ज्यादा बैंक शिवपुरी रोड पर संचालित हैं, लेकिन इनमें से एक भी बैंक के पास वाहन पार्किंग के लिए जगह नहीं हैं। इसलिए ग्राहकों को मजबूरी में अपनी बाइकों को रोड पर ही खड़ा करना पड़ता है। जिससे बैंक शाखा के पास जाम की स्थिति बनी रहती है।

#### जयस्तंभ पर बनेगा मॉल, प्लॉटो पर लगेगी बोली

जय स्तंभ के पास पुराना टेलीफोन एक्सचेंज भवन जो नगर पालिका की मिल्कियत है जिसमें कभी नगर पालिका का अस्पताल और माधव मुक्तिबोध वाचनालय संचालित होता था इस भवन में लंबे समय तक टेलीफोन एक्सचेंज संचालित रहा अब दूर संचार विभाग ने उक्त भवन को खाली कर दिया है तो नगर पालिका उक्त भवन को तोड़कर वहां शॉपिंग मॉल बना रही है जिसका काम भवन तुड़ाई के साथ शुरू भी हो गया है। नगर पालिका यहां पर डिजाइन बनाकर दुकानें एडवांस रुपए लेकर किराए से देगी। जो पैसा उसे दुकानों के एडवांस से मिलेगा उससे ही यहां दुकानों का निर्माण किया जाएगा।

#### इनका कहना है...

नगर पालिका नए भवन में शिफ्ट होने के बाद पुराने भवन को तोड़कर शॉपिंग मॉल और पार्किंग स्थल विकसित किया जाएगा। टेलीफोन एक्सचेंज वाले भवन को तोड़कर दुकान बनाई जाएगी जिसकी बोली दुकान बनने से पहले लगाई जाएगी।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### 12वीं में 53 और 10वीं में 5 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# इकलौते परीक्षार्थी के आने का पर्यवेक्षक ने दिनभर इंतजार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की चल रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के तहत शुक्रवार से हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा भी शुरू हो गई। शुक्रवार को हाईस्कूल में पहला पेपर उर्दू विषय का हल कराया गया जिसमें कुल दर्ज 111 परीक्षार्थियों में से 106 परीक्षा में शामिल हुए ओर 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कुल दर्ज 3806 परीक्षार्थियों में से 3753 परीक्षा दी, जबकि 53 अनुपस्थित रहे। खास बात यह है कि 30 केंद्रों पर आयोजित कराई गई इस परीक्षा में विभिन्न विषयों के साथ विज्ञान के तत्व विषय का पर्चा हल करने के लिए एक परीक्षार्थी ने फार्म भरा था जिसका परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर रखा गया था। इस इकलौते परीक्षार्थी की परीक्षा कराने के लिए प्रशासन को वो सब व्यवस्थाएं करनी पड़ी जो अन्य केंद्रों पर की गई थी। पर्यवेक्षक दिन भर (परीक्षा टाइम) परीक्षार्थी के आने का इंतजार करते रहे लेकिन परीक्षार्थी परीक्षा देने ही नहीं आया।




#### सीईओ जिला पंचायत ने किया बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने शुक्रवार को 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा स्थित परीक्षा सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केन्द्र पर बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। उधर एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा भी बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर शासकीय कन्या हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर स्थित परीक्षा केन्द्र पहुंचकर परीक्षा संचालन का जायजा लिया गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा का संचालन पाया गया।

#### डीईओ के नेतृत्व में संयुक्त दल ने किया परीक्षण

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में डीईओ एमएल गर्ग, सहायक संचालक यश जैन एवं परीक्षा प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा कक्षा 12वीं एवं 10वी की बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्थाओं, गोपनीयता, प्रश्नपत्र वितरण, बैठने की व्यवस्था एवं परीक्षा संबंधी निर्देशों के पालन की समीक्षा की गई। दल द्वारा पीएमश्री कन्या विद्यालय, श्योपुर, सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा, उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई।

# गांधीगिरी:दंडवत करता हुआ प्राचार्य कक्ष में पहुंचा छात्र, प्राचार्य को नारियल भेंटकर दिया धन्यवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में शुक्रवार को एक कॉलेज विद्यार्थी ने गांधीगिरी दिखाते हुए एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई छात्र नेता अभिषेक मीणा शुक्रवार को कॉलेज गेट से दंडवत करते हुए कॉलेज प्राचार्य के कक्ष में पहुंचा, जहां उसने प्राचार्य को नारियल और फूल माला भेंटकर धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान उसके समर्थक छात्र भी उसके साथ मौजूद थे। गांधीगिरी दिखाने वाले छात्र नेता अभिषेक मीणा ने बताया कि मैने कॉलेज के विद्यार्थियों को टंकियों का दूषित पानी पिलाए जाने का मुद्दा उठाकर इसे उजागर किया। कॉलेज में समय पर क्लास न लगने, अभाविप व भाजपा द्वारा कॉलेज की बिल्डिंग का दुरूपयोग करने सहित कॉलेज प्रशासन की नाकामियो को छात्र हित में उजागर करने का काम किया है। इनमें कॉलेज प्रशासन के द्वारा सुधार करने के बजाए मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोतवाली थाने में पांच वार आवेदन दिया है। ताकि एफआईआर कराकर मेरी आवाज को दवाया जा सके। इसलिए मैने कॉलेज प्राचार्य कॉलेज पहुंचकर नारियल भेंटकर धन्यवाद दिया।

#### प्राचार्य बोले कॉलेज में अनुचित काम बर्दाश्त नहीं

उधर कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा का कहना है कि अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए बिना अनुमति परीक्षा कक्ष में पहुंचकर वीडियो बनाकर परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसा अनुचित काम इनके द्वारा किया गया । जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा। इसलिए पुलिस को इस मामले में सूचित किया गया। ताकि ऐसी हरकत कोई न कर सके।

# भारतीय किसान संघ ने सौपा ज्ञापन गेहूं को 2700 में खरीदने की मांग




श्योपुर। भारतीय किसान संघ ने कराहल तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में किसान संघ पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसानों ने भागीदारी की। बैठक के बाद भारतीय किसान संघ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार कराहल को सीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदने की मांग उठाई। किसान संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सरकार ने चुनाव के समय गेहूं को 27000 रूपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदने की घोषणा की थी किंतु अभी भी गेहूं घोषणा अनुसार नहीं खरीदा जिससे किसानों में असंतोष है इसलिए ज्ञापन में किसानों के गेहू को 2700 रूपए प्रति क्विंटल खरीदने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन में नक्शे में अंकित खेतों की ओर जाने वाले रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने, फसल बीमा में खेत को इकाई माने जाने, किसानों को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य मिले इसके लिए कानून बनाए जाने, नल जल योजना को दुरस्त कराए जाने, कृषि उपज मंडी में अतिरिक्त कटौत्रा बंद किए जाने, नशे के कारोबार को बंद कराने, स्वीकृत मोजर डैम का कार्यक्रम किए जाने, सबमर्सिबल पर बड़े हुए एचपी को जांच कर दुरस्त करने आदि मांगे भी उठाई गई। ज्ञापन सौपने के दौरान किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी के अलावा तहसील अध्यक्ष सियाराम गुर्जर, निसार खान, मुकेश पालीवाल, रामचरण धाकड़, सेवक आदिवासी, लल्लू कुशवाह, कोमल कुशवाह मायाराम, लवकुश यादव, समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# कांग्रेस के जिला प्रभारी बोले एसआईआर पर नजर रखें, चूके तो समझो चुनाव हार गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एसआईआर पर कड़ी नजर रखी जाए अगर इस काम में चुके तो समझो चुनाव हार गए। यह बात कांग्रेस जिला सामान्य समिति की बैठक में जिले के प्रभारी सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। शहर के पाली रोड स्थित एक होटल पर आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला प्रभारी सुनील शर्मा एवं विधानसभा प्रभारी रामहरि शर्मा ने संगठन से जुड़ी जानकारी कार्यकर्ताओं से लेते हुए संगठन को मजबूत कैसे बनाया जाए इसके टिप्स भी दिए। जिला प्रभारी शर्मा ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की उन्होंने कहा एसआईआर के पीछे भाजपा और सरकार चुनाव आयोग को मैनेज कर कांग्रेस के परंपरागत वोटो को काटने का षड्यंत्र रच रही है हमें इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है।

बैठक में जिला कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के अध्यक्षों की नियुक्ति एवं सक्रियता पर भी विचार-विमर्श किया गया। मंडलम अध्यक्षगणों की नियुक्ति के विषय में भी चर्चा की गई और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति तय की गई। साथ ही, नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने-अपने ब्लॉकों में संगठन को मजबूत करें, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। इस दौरान जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, प्रदेश सचिव योगेश जाट, जिला संगठन महासचिव संजीव कुशवाह, पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत मीणा, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष राम भरत मीणा, प्रदेश सचिव राम लखन मीणा सेवादल के अध्यक्ष डॉ कमल किशोर शर्मा, श्योपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, रितेश तोमर, हंसराज रावत, पूर्व सेवादल अध्यक्ष राम अवतार जोशी, पार्षद सलाउद्दीन, सुमेर सिंह, रजाक अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद बेग, राम मिलन मीणा, संजय सुमन, महेश गुर्जर, मुरारी लाल प्रजापति जी, पार्षद महावीर वाल्मीकि, दारा सिंह, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# चोरों ने अब ढोढर में अंजाम दी चोरी की वारदात, दीवार फोड़कर दुकान से समेटा माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर कस्बे के हांसिलपुर तिराहे के पास लगी एक इलेक्ट्रिकल मोटरपार्ट्स की दुकान में बीती रात्रि के दौरान चोरी हो गई। चोर पीछे से दुकान की दीवार फोड़कर दुकान के अंदर से पानी की मोटर, एलईडी, डोरी, इन्वेंटर सहित अन्य कई सामान चोरी कर ले गए। इस चोरी का पता शुक्रवार की सुबह चला।



जिसके बाद ढोढर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किए जाने के बाद चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने दुकान में चोरी गए माल की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई है। जबकि दुकान मालिक रघुवीर मीणा पुत्र शंभूलाल मीणा ने चोरी गए माल की कीमत 5 लाख रुपए से अधिक बताई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं है। लेकिन चोरी की इस वारदात से क्षेत्र के लोग सकते में आ गए है।

### जाम से घंटेभर तक थमे रहे वाहनों के पहिए, तहसीलदार ने खुलवाया जाम

# बिजली कंपनी ने काटी गांव की लाइट तो गुस्साए ग्रामीणों ने जाम किया हाईवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले की वीरपुर तहसील क्षेत्र के गांव हारकुई की बिजली सप्लाई को रात्रि के दौरान बिजली कंपनी के द्वारा काट दिया गया। जिसकारण गांव में पानी की समस्या निर्मित हो गई। इससे आक्रोशित हुए गांव के लोगों ने शुक्रवार की सुबह उनके गांव से होकर गुजरे नेशनल हाईवे 552 पर जाम लगा दिया। जाम के कारण नेशनल हाइवे पर वाहनों के पहिए थम गए। जाम लगाकर बिजली कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि बिजली कंपनी ने सारे गांव की बिजली सप्लाई काट दी। जिससे गांव में पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया।

जाम की सूचना मिलने पर वीरपुर तहसीलदार नरेश रायपुरिया तत्काल मौके पर पहुंचे। जिन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों से बात करने के बाद बिजली सप्लाई को चालू करवाकर न केवल ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करवाया,बल्कि उनके द्वारा लगाए गए जाम को भी खुलवाकर हाइवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई। बिजली कंपनी के अधिकारियों की माने तो हारकुई गांव के बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों की राशि काफी अधिक बकाया हो गई है। समय समय पर अवगत कराने के बाद भी बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली बिलों की राशि जमा नहीं की जा रही है। इसके बाद बिजली कंपनी के द्वारा गुरूवार की रात्रि के दौरान बिजली फीडर से हारकुई गांव के लिए जाने वाली बिजली लाइन को काटकर गांव की बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया। जिससे पूरे गांव में अंधेरा छा गया। रातभर अंधेरे में रहे ग्रामीणों को शुक्रवार की सुबह जब बिजली कंपनी के द्वारा बिजली काट देने की बात पता चली तो सारे गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए। फिर गांव के आक्रोशित महिला और पुरूष सुबह के समय घरों से निकलकर नेशनल हाइवे पर जाम लगाकर बैठ गए। जाम लगने के कारण हाइवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।



#### तहसीलदार ने जुड़वाई बिजली, तब ग्रामीणों ने हटाया जाम

शुक्रवार को हाईकुइ गांव के ग्रामीणों के द्वारा जाम लगा देने की सूचना मिलने पर वीरपुर तहसीलदार नरेश रायपुरिया मौके पर पहुंचे और उन्होने जाम लगा रहे ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को जाम लगाए जाने का कारण बताते हुए कहा कि बडे लोगों पर बिजली बिल चढने के बाद भी बिजली कंपनी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और हम गरीब लोगों को बिजली बिलो के बहाने बिजली सप्लाई काटकर परेशान कर रही है। सारे गांव की बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के काट देने से गांव में पानी की संकट खडा हो गया है। वहीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे गांव के बच्चे भी रातभर अंधेरा रहने के कारण परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाए है। आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ कह दिया कि अब हम जाम तब ही हटाएंगे,जब हमारे गांव की बिजली सप्लाई जुड जाएगी। इसके बाद तहसीलदार ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करते हुए बिजली सप्लाई को जुडवाया,इसके बाद ही ग्रामीण माने और उन्होंने जाम खोला। तब जाकर घंटेभर से थमी वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई।

#### बिजली कंपनी पर आरटीआई के तहत जानकारी नहीं देने का आरोप

बसपा नेता मिश्रालाल बैरवा ने बिजली कंपनी पर सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया है। हालांकि बसपा नेता मिश्रालाल बैरवा ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष इसकी शिकायत दर्ज करवा दी है,लेकिन इसके बाद भी बिजली कंपनी उसे जानकारी देने में आनाकानी कर रही है। मिश्रालाल ने बताया कि उसने सूचना के अधिकार के तहत बिजली कंपनी से एक जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक आउटसोर्स के जरिए कितने कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने सबंधी जानकारी मांगी है। महीनेभर से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बिजली कंपनी ने उक्त जानकारी प्रदान नहीं की है। मिश्रालाल का आरोप है कि बिजली कंपनी के द्वारा आउटसोर्स के जरिए की गई भर्ती नियम विरूद्ध तरीके से की गई है। इसलिए कंपनी इस संबंध में जानकारी देने से कतरा रही है।

#### इनका कहना है

बिजली सप्लाई काट देने के कारण ग्रामीणों ने जाम लगा दिया था। जाम ज्यादा देर नहीं लगा,क्योंकि हमने तत्काल मौके पर पहुंचकर बिजली सप्लाई को जुडवाकर जाम को खुलवा दिया गया।

**नरेश रायपुरिया**
**तहसीलदार वीरपुर**

# खितरपाल ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद द्वारा ग्राम पंचायत खितरपाल में बगैर मूल्यांकन के 5 लाख रुपये की राशि आहरित करने के मामले में पंचायत सचिव मलखान सिंह कुशवाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा गत 11 फरवरी को जनपद विजयपुर की ग्राम पंचायत खितरपाल का निरीक्षण किया गया था, इस दौरान खितरपाल में विद्यालय के सामने स्थित मुक्तिधाम के समीप निर्मित रपटे के अवलोकन के दौरान रपटा निर्माण स्थल उपयुक्त नही पाया गया तथा रपटे का कोई उपयोग भी नही परिलक्षित हुआ। इसके साथ ही रपटा निर्माण की 5 लाख रूपये की राशि बगैर मूल्यांकन के आहरित कर ली गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत खितरपाल में स्वच्छता परिसर के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण पाया गया, मनरेगा योजना अंतर्गत परकोलेशन टेंक एवं फार्म पॉण्ड के कार्य भी अनुपयोगी एवं असंतोषजनक पाये गये। इस मामले में पंचायत सचिव मलखान सिंह कुशवाह को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने, कर्तव्य अपालन एवं शासकीय धनराशि का दुरुपयोग का दोषी मानकर म.प्र. पंचायत सचिव सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 04 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधी में कुशवाह का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत विजयपुर रहेगा।

# अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में 5 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना पुलिस ने एक युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पांच युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को एक युवती ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके चेहरे का उपयोग करके एआई के माध्यम से अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर के बाद पांच लोगों के खिलाफ उक्त वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने पर मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस इस मामले में वीडियो बनाने वाले असली आरोपी की तलाश कर रही है।

# फरार दुष्कर्म का आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर थाना पुलिस ने फरार दुष्कर्म के आरोपी को अरेस्ट करके न्यायालय में पेश कर दिया है। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि बृजमोहन माली बलात्कार के एक मामले में आरोपी है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जनगणना समन्वय समिति गठित की गई

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जनगणना 2027 कार्य एवं गतिविधियों के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर अध्यक्ष होगें एवं संयोजक के रूप में जिला जनगणना अधिकारी रहेगें। सदस्य के रूप में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना/सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण,जिला जनसंपर्क अधिकारी होगें।

### जुएं के अड्डों पर छापामार कार्वाई

**अशोकनगर।** जिले के कई थानों की पुलिस ने जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले की नईसरायं थाने की पुलिस ने नईसरायं में मस्जिद के पीछे बगिया में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आशु भदौरिया, रविन्द्र रघुवंशी, धनपाल कडेरे,श्रीराम केवट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 5200 रूपए बरामद किए है। मुंगावली पुलिस ने मूडरा रोड़ पर ग्राम मल्हारगढ में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अनीस खान, धनीराम केवट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज


**अशोकनगर।** जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम नरखेड़ा निवासी मुन्नालाल केवट के पास से 12 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सायबर सेल ने जांच शुरू की, भोपाल मुख्यालय को अवगत कराया

# लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारी को धमकी, 10 करोड़ रुपए की डिमांड

### अशोकनगर में इस धमकी भरे मैसेज से घबराहट का माहौल









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शांत कहे जाने वाले अशोकनगर जिले में अब लॉरेंस विश्नोई गैंग की एन्ट्री हो गई है। जब अलग अलग नम्बरों से इस तरह के मैसेज आए तो उसमें धमकी दी गई। यह मैसेज क्या लॉरेंस विश्नोई गैंग से संबंध रखते हैं या फिर उस गैंग के नाम पर धमकाने का किसी और के द्वारा प्रयास किया गया है। जिसे जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा भी गंभीरता से लिया है। बताया गया है कि इस तरह के मैसेज के बाद अशोकनगर से लेकर भोपाल तक की पुलिस और इंटेलीजैंस ब्यूरों सक्रिय हो गया है।

अपराध की दुनिया में लॉरेंस विश्नोई गैंग का बड़ा नाम है इस गैंग ने कईं फिल्मी स्टारों को भी धमकियां दी हैं। इस गैंग के नाम पर यहां के कारोबारी अंकित अग्रवाल को धमकी भरा व्हाटस्एप वॉइस मैसेज भेजा गया है, जिसमें 10 करोड़ रूपए की मांग की गई है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने अपना नाम हरी बॉक्सर बताया है और यह भी कहा है कि हमने जिसको एक बार फोन कर दिया उसे बिना पैसे लिए नहीं छोड़ा, उसे मारा है या फिर पैसे लिए हैं। मैसेज में उसकी डिटेल उसे भेजी गई है, जिसके बाद स्थानीय सिटी कोतवाली में अंकित अग्रवाल द्वारा एक आवेदन सौंपकर धमकी भरे संदेश से पुलिस को अवगत कराया गया है।

#### 3 अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से कॉल किए गए

लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर जो मैसेज भेजा गया है उसमें 3 अंतर्राष्ट्रीय नम्बरों से कॉल भी किए गए हैं। अगर कारोबरी की बात माने तो अंकित अग्रवाल को फोन नहीं उठाने पर व्हाटसएप वॉइस मैसेज हैं और अपने आप को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। उसने यहां तक कहा है कि गूगल पर नाम सर्च कर लो सब पता चल जाएगा, धमकी देने वाले ने 10 करोड़ रूपए मांगते हुए कहा है कि यह रूपए उसके पास 2 दिन के अंदर पहुंच जाना चाहिए। इस मैसेज में कहा गया है कि उनकी हर एक चीज की डिटेल उनके पास से उनके सारे व्यापारों के नाम का उल्लेख भी किया गया है। यह भी कहा है कि तुम पर 3-3 गांडियां है किस गाडी से आते हो और किससे जाते हो, घर में कौन कौन हैं सब पता है। इस मैसेज में कहा है कि अभी 10 करोड़ मांग रहा हूं बाद में 20 करोड़ रूपए लूंगा, नहीं तो छोड़ूगा नहीं।

#### अंकित अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत की

इस तरह के मैसेज के बाद अंकित अग्रवाल ने सिटी कोतवाली में एक आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि उसे 3 अलग अलग नंबरों से मैसेज कर 10 करोड़ की मांग की गई है न देने पर दो दिवस के अन्दर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके द्वारा धमकी दी गई है वह अपने आप को विश्नोई गैंग का सदस्य हरी बॉक्सर बता रहा है। परिवार और व्यवसाय के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी देकर मुझसे 10 करोड़ रूपए 2 दिन के अंदर देने की मांग कर रहा है न देने पर इससे ज्यादा नुकसान की भरपाई करने और जान से मारने की धमकी दी गई है। इसी तरह की दूसरी धमकी बलवीर खुराना को भी दी गई है उन्हें भी एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से फोन आया था उन्होनें भी फोन रिसीव नहीं किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में इसकी जानकारी दी है।

#### जांच करवा रहे हैं

थाना कोतवाली में अंकित अग्रवाल का आवेदन आया है जिसमें फिरोती की मांग की गई है। इस मैसेज को हम पुख्ता कर रहे हैं, इस मैसेज का हम खुलासा कर रहे हैं, उनके नाम से आई है या किसी अन्य व्यक्ति ने इसका उपयोग किया है। इसकी सायबर सेल के माध्यम से छानबीन करवा रहे हैं। इसकी कार्यवाही कर रहे हैं, जिन लोगों ने धमकी दी है क्या वह उन्होंने लॉरेंस विश्नोई गैंग से संबंध है या उनके नाम का उपयोग किया है। इस गैंग का मामला अन्य जगह से है अगर व्यापारी द्वारा सुरक्षा की मांग की जाएगी तो सुरक्षा प्रदान कराई जाएगी। इस संबंध में अभी मामला दर्ज नहीं किया गया है जांच की जा रही है। इस संबंध में जिला मुख्यालय की पुलिस ने भोपाल पुलिस मुख्यालय को भी अवगत कराया है।

## लापता नाबालिग भोपाल से दस्तयाब, आरोपी को जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

4 फरवरी को बिना बताए लापता हुई नाबालिक बच्ची को भानगढ़ पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। भानगढ़ थाना प्रभारी एसआई हरि सिंह तोमर ने बताया 4 फरवरी को भानगढ़ थाना अंतर्गत एक गांव से 17 वर्ष पांच माह उम्र की एक नाबालिक बच्ची लापता हो गई थी।

11 फरवरी को परिजनों के द्वारा उक्त नाबालिक को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद टीम गठित कर जांच चल रही थी तभी नाबालिक के भोपाल में होने की सूचना मिलने पर टीम को भोपाल के लिए रवाना किया और 24 घंटे के अंदर 12 फरवरी को बच्ची को भोपाल से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि नाबालिक अपने माता-पिता के साथ मजदूरी के लिए जाती थी। वहीं आरोपी भी मजदूरी करने आता था। जहां से आरोपी नाबालिक को लेकर भोपाल चला गया।

### नवोदय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम का आयोजन

**अशोकनगर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरिया देवत में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

## चलती ट्रेन से गिरा यात्री, गंभीर हालत में सागर किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मालखेड़ी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। घायल के पास से एक आधार कार्ड मिला है जिस आधार पर घायल सुरेंद्र कुमार पिता कतवारू पाकड़पुर पोस्ट माहुल खास थाना माहुल जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश निवासी होना बताया जा रहा है। जिसके पास रेल टिकट भी मिला है। जिसके आधार पर वह इटारसी से बनारस की यात्रा कर रहा था। बीना मालखेड़ी रेलवे स्टेशन के पास वह अज्ञात कारण चलती ट्रेन में से गिर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ की सूचना पर डॉयल 112 की मदद से घायल को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सूचना लगते ही जीआरपी प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर सिविल अस्पताल पहुंचे और घायल का प्राथमिक उपचार कराया। बाद में 2 समाज सेवियों के साथ गंभीर रूप से घायल यात्री को इलाज के लिए जिला अस्पताल सागर भेजा गया। प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया घायल यात्री के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। घायल यात्री कथन देने की स्थिति में नहीं था जिस कारण वह ट्रेन से कैसे गिरा इसका कारण अज्ञात है।

## हजारेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के साथ हुआ हवन और भंडारा

### हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जन जन के आराध्य भगवान भोले नाथ के हजारेश्वर दरबार मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार के बाद मंदिर को आकर्षक रूप प्रदान किया गया है। यह मंदिर अब आने वाले वर्षों तक अपने भव्य स्वरूप के लिए जाना जाएगा। यहां 8 फरवरी से चल रहे कार्यक्रमों 12 फरवरी को समापन किया गया।

इस मौके पर 8 फरवरी को मंगल कलश यात्रा से इन आयोजनों की शुरूआत हुई थी, जिसके बाद पंच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, पंडित जगदीश शर्मा के सानिध्य में इस हवन के लिए एक यज्ञशाला का निर्माण भी किया गया था। यहां वेदी शुद्धि के साथ प्रतिदिन यज्ञ का आयोजन हुआ। 12 फरवरी को इस आयोजन का समापन था जिससे पहले रूद्राभिषेक, पूर्णाहुति और भगवान की प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन भक्ति भाव से किया गया। हवन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। यह हजारेश्वर मंदिर शहर की प्राचीन गढ़ी के अंदर स्थित है यह मंदिर काफी लंबे समय से जीर्णोद्धार की प्रतिक्षा कर रहा था, जिसमें समाजसेवी और धार्मिक श्रद्धालु आगे आए जिसके बाद इस मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हुआ और आज यह मंदिर भव्य रूप में शहर की जनता के सामने बनकर तैयार है। यह भगवान भोलेनाथ की हजार मुखी प्रतिमा है इस बड़े आकार के शिवलिंग को देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है। यहां पर राधाकृष्ण और जन जन के आराध्य हनुमान जी महाराज भी इसी मंदिर में विराजमान हैं। महा शिवरात्रि से पहले प्राणप्रतिष्ठा के इस आयोजन के बाद श्रद्धालु 15 फरवरी की भोलेनाथ की भक्ति और अभिषेक कर सकेगें।

## शाउमा विद्यालय क्रमांक 01 में विधिक जागरुकता शिविर



**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में गुरूवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून के बारे में जागरूक किया गया। नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 अंतर्गत उनकी विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही उपस्थित बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना की जानकारी दी और कहा कि वर्तमान में जागरूकता के कारण ही बेटियां भी बेटों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं, उक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य राकेश यादव, शिक्षक महेन्द्रकुमार जैन, शिक्षक रमेश कुमार गौतम, पीएलव्ही विवेक यादव भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही साथ 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय अशोकनगर के साथ-साथ तहसील न्यायालय मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

## तीन दिवसीय विशाल सालाना सत्संग समागम की शुरुआत, 15 तक चलेगा

**अशोकनगर।** सचखंड वासी ब्रह्मज्ञानी संत बाबा गुरदीप सिंघ जी द्वारा वर्ष 1996 में अशोकनगर की पुण्य धरा पर सत्संग एवं अमृत संचार की जो आध्यात्मिक लहर प्रारंभ की गई थी, वह आज एक विशाल आध्यात्मिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। उस समय से लेकर आज तक इस पावन प्रयास ने अनगिनत परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस बार भी आयोजन कमेटी द्वारा 3 दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है जो 15 फरवरी तक चलेगा।

संत बाबा गुरदीप सिंघ जी के दिव्य संकल्प और अथक परिश्रम के फलस्वरूप हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने गुरमत मार्ग अपनाया, अमृत पान कर नशा, व्यसन और सामाजिक कुरीतियों का त्याग किया तथा सच्चे जीवन की ओर अग्रसर हुए। वर्ष 2005 से संत बाबा जी के आशीर्वाद से श्री गुरु तेग़ बहादुर जी महाराज की महान शहादत को समर्पित सालाना सत्संग समागम का शुभारंभ किया गया। यह समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक जागृति, आध्यात्मिक उत्थान और मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम है। "धर्म की चादर" श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का बलिदान विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उन्होंने तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए जो अपना जीवन बलिदान किया वो पूरे संसार के इतिहास में एक अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा के लिए अपना शीश न्यौछावर कर दिया। उनका त्याग हमें यह संदेश देता है कि अन्याय और अत्याचार के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए, बल्कि सत्य और धर्म की रक्षा हेतु दृढ़ता सेखड़े रहना चाहिए।




उनका जीवन और शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो हमें साहस, करुणा, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाती है। संत बाबा गुरदीप सिंघ जी द्वारा प्रज्वलित यह सत्संग की ज्योति आज उनके आशीर्वाद से संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघ जी द्वारा पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाई जा रही है। उनके मार्गदर्शन में यह समागम निरंतर विस्तार पा रहा है और अधिक से अधिक लोगों तक गुरमत संदेश पहुंचा रहा है। इस वर्ष भी हर साल की तरह 13, 14 और 15 फरवरी को गुरुद्वारा ईशर प्रकाश वरियाम सर, पवारगढ़, जिला अशोकनगर (म.प्र.) में पन्द्रहवां भव्य सत्संग समागम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक दिव्य कीर्तन, गुरमत विचार, अमृत संचार और आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा। तीनों दिन गुरु का अटूट लंगर श्रद्धालुओं के लिए निरंतर बरतेगा। समागम की तैयारियाँ जोरों पर हैं और समस्त संगत तन, मन और धन से सेवा में समर्पित भाव से लगी हुई है। समस्त संगत, श्रद्धालु जनों और क्षेत्रवासियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### 11340 शिवलिंगों का निर्माण हुआ

## शिव विवाह से पहले चंदन का लेप किया गया और रश्म के गीत गाए



**अशोकनगर।** गुरूवार को छठवें दिन 105 शिव पार्थिव शिवलिंगों के पात्रों द्वारा 11340 शिवलिगों का निर्माण किया गया। जिसमें पांच उपचार से पंडित ने विधिवत पूजन करवाया, पुजारी किशन लाल मिश्रा ने तायडे कॉलोनी से पधारे हुए वार्ड पार्षद प्रमेंद्र तायडे उनकी धर्मपत्नी सहित भगवान शिवशंकर का अभिषेक सहित पूजन करवाया। हिंदू लोक रीति रिवाज के अनुसार उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुहाग का प्रसाद सहित वितरण करवाया। विवाह में महिला ओने भगवान शिव शंकर का चंदन का लेप किया गया और विवाह की रश्मों के गीत गाए। ऐसा प्रतीत होता था मानो तो कैलाश पर्वत पर भगवान शिव शंकर सिंगार करके दूल्हा राजा बनने जा रहे हो। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार भगवान शिव शंकर ने कैलाश पर्वत पर आदेश दिया कि देवता दानव मानव सारे पर्वत सारी गंगा आदि नदियां सप्त समुद्र भूत प्रेत पिसाच बेताल योगिनी यानी की जलचर थलचर नभचर सभी को निमंत्रण दे उसी भावना के अनुसार निमंत्रण भेजे गए। सभी श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ महा आरती की एवं सभी से पूजन करवा कर निमंत्रण दिए गए और आप सभी आमंत्रित हैं इस विवाह में क्योंकि भगवान शिव शंकर का नाम विश्वनाथ भी है जो सभी के मालिक हैं सभी के स्वामी हैं उन्हीं का विवाह है।

### आदिश्वर धाम का तेजी से होगा निर्माणः राकेश कांसल

# श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान के साथ हुआ मंदिर निर्माण प्रारंभ

### असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान निर्माण के दौरान चलता रहेगाः विजय धुर्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



आदिश्वर धाम सुभाष गंज में गुरूवार को श्री शान्ति नाथ महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन सुभाष गंज जैन मन्दिर के विधिवत निर्माण कार्य के शुभारंभ पर किया गया। मंडल विधान के प्रारंभ में मंगलाष्टक का पाठ जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार के मधुर भजनों के साथ हुआ। इसके पहले भगवान का कलशाभिषेक कर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल परिवार राजकुमार कासल विकास रिक्कू भारत महेश घमंडी उमेश सिघई सहित अन्य भक्तों को मिला। इस दौरान शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि आज जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करते हुए हम सब भावना बनाये की गंज मन्दिर का निर्माण बहुत जल्दी पूरा हो।

#### मुनि पुंगव के आशीर्वाद से हम मन्दिर को बहुत तेजी से आगे बढ़ायेंगे

इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद और उनके मार्गदर्शन में हम आदिश्वर धाम सुभाषगंज मन्दिर का हम निर्माण कार्य पूरे विधि-विधान के साथ प्रारंभ कर रहे हैं। मन्दिर निर्माण कार्य को बहुत तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही शीघ्र पूरा करने की भावना सकल जैन समाज की है। हम सब का संकल्प है कि विशाल भव्य जिनालय में आदिश्वर धाम के बड़े बाबा बहुत जल्द ही विराजमान होते हुए हम सब देखेंगे। इस भव्य अति भव्य जिन मन्दिर को तीन खण्डों में विभक्त कर प्रथम तल पर भगवान आदिनाथ की विशाल प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे तल पर भगवान श्री मुनि सुब्रत नाथ स्वामी का समवशरण विराजमान किया जायेगा, वहीं तीसरी मंजिल पर भगवान श्री चन्द्र प्रभु स्वामी भगवान महावीर स्वामी भगवानश्री शांतिनाथ स्वामी को विराजमान किया जायेगा।

#### मन्दिर निर्माण के साथ ही भक्तामर मंडल विधान प्रतिदिन होगा

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से मन्दिर निर्माण के साथ ही यहां प्रतिदिन श्री भक्तामर मंडल विधान किया जा रहा है इसमें नगर के प्रत्येक परिवार को सौभाग्य प्राप्त होगा । जिनके नाम श्री भक्तामर मंडल विधान के लिए आ गये है वह अपनी तारिख प्राप्त कर लें और आप सभी को इस विधान में अपने पूरे परिवार इष्ट मित्रो को लेकर रोज रोज आना हो। जैसे जैसे मन्दिर आकार लेता जाये हम सब की भक्ति भी बढ़ती रहे। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, संयोजक उमेश सिंघई, शैलेन्द्र श्रंगार, मंत्री विजय धुर्रा, सचिन कांसल, महेश घमंडी, विकास भारत, राजकुमार कांसल, रिंकू भारत, अशोक कक्का विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### मंडल पर श्री फल के साथ किया गया अर्घों का समर्पण

श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान के दौरान सर्वे प्रथम आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन समाज संयोजक उमेश सिघई शैलेन्द्र श्रागर राजेश कांसल महेश घमंडी दारा किया गया इस दौरान दौरान प्रमुख पात्रों मंडल पर स्थापना की गई। इसके साथ ही एक मंत्र के साथ प्रथम वलय पूज्य में श्री फल समर्पित किये गये इसके बाद सभी भक्तों द्वारा भगवान की महा आराधना करते हुए नाचते गाते हुए अरघो का समर्पण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में माता बहनो ने श्री फल समर्पित किए।